Series JSR/1

**Set 1**

कोड नं.
Code No. **4/1/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# संकलित परीक्षा –II
# SUMMATIVE ASSESSMENT-II
# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 90*

***निर्देश:***

1. *इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं-क, ख, ग और घ।*
2. *चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*
3. *यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

[P.T.O.

## खंड 'क'

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×6=12

हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहाँ एक तरफ भौतिक समृद्धि अपनी ऊँचाई पर है, तो दूसरी तरफ चारित्रिक पतन की गहराई है। आधुनिकीकरण में उलझा मानव सफलता की नित नई परिभाषाएँ खोजता रहता है और अपनी अंतहीन इच्छाओं के रेगिस्तान में भटकता रहता है। ऐसे समय में सच्ची सफलता और सुख-शांति की प्यास से व्याकुल व्यक्ति अनेक मानसिक रोगों का शिकार बनता जा रहा है। हममें से कितने लोगों को इस बात का ज्ञान है कि जीवन में सफलता प्राप्त करना और सफल जीवन जीना, यह दोनों दो अलग-अलग बातें हैं। यह ज़रूरी नहीं कि जिसने अपने जीवन में साधारण कामनाओं को हासिल कर लिया हो, वह पूर्णत: संतुष्ट और प्रसन्न भी हो। अत: हमें गंभीरतापूर्वक इस बात को समझना चाहिए कि इच्छित फल को प्राप्त कर लेना ही सफलता नहीं है। जब तक हम अपने जीवन में नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों का सिंचन नहीं करेंगे, तब तक यथार्थ सफलता पाना हमारे लिए मुश्किल ही नहीं, अपितु असंभव कार्य हो जाएगा, क्योंकि बिना मूल्यों के प्राप्त सफलता केवल क्षणभंगुर सुख के समान रहती है।

कुछ निराशावादी लोगों का कहना है कि हम सफल नहीं हो सकते, क्योंकि हमारी तकदीर या परिस्थितियाँ ही ऐसी हैं। परंतु यदि हम अपना ध्येय निश्चित करके उसे अपने मन में बिठा लें, तो फिर सफलता स्वयं हमारी ओर चलकर आएगी। सफल होना हर मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है, परंतु यदि हम अपनी विफलताओं के बारे में ही सोचते रहेंगे, तो सफलता को कभी हासिल नहीं कर पाएँगे। अत: विफलताओं की चिंता न करें, क्योंकि वे तो हमारे जीवन का सौंदर्य हैं और संघर्ष जीवन का काव्य

है, कई बार प्रथम आघात में पत्थर नहीं टूट पाता, उसे तोड़ने के लिए कई आघात करने पड़ते हैं, इसलिए सदैव अपने लक्ष्य को सामने रख आगे बढ़ने की जरूरत है। कहा भी गया है कि जीवन में सकारात्मक कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

(क) मनुष्य के मानसिक रोग और अशांति का कारण किसे माना गया है?

(ख) सफलता पाना और सफल जीवन जीना दोनों बातें अलग कैसे हैं?

(ग) गद्यांश में जीवन का सौंदर्य और संघर्ष किसे बताया गया है? क्यों?

(घ) पत्थर का उदाहरण क्यों दिया गया है?

(ङ) वास्तविक सफलता पाने के लिए क्या आवश्यक है और क्यों?

(च) आशय स्पष्ट कीजिए : ''संघर्ष जीवन का काव्य है।''

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 4 = 8$

वह जागता है
रात के सन्नाटे में
दिन का कोलाहल उसे सोने नहीं देता
वह अरमानों को सँजोता है और
सिर्फ अपने लिए जीता है।
रात के सन्नाटे में वह सोच पाता है, विवेक को जगा पाता है
तभी तो दिन को बर्दाश्त कर पाता है !
वह परेशान है दिन के कोलाहल से,
वही ढोंग, दिखावा, झूठे रिश्ते,

छल, छद्म और पाखंड दम घुटता है उसका
इसीलिए जागना चाहता है
रात के सन्नाटे में।

(क) काव्यांश में दिन और रात किस बात के प्रतीक माने गए हैं?

(ख) विवेक किसे कहा जाता है? कवि का विवेक कब जागता है?

(ग) कवि को दिन में परेशानी क्यों होती है?

(घ) आशय स्पष्ट कीजिए : ''तभी तो दिन को बर्दाश्त कर पाता है ! ''

## खंड 'ख'

**3.** शब्द और पद में क्या अंतर है? उदाहरण सहित समझाइए । 1+1=2

**4.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×3=3

(i) ज्यों ही वह पहुँचा वर्षा होने लगी। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ii) जब उसने भाषण शुरू किया तो तालियों की गड़गड़ाहट से उसका स्वागत हुआ। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(iii) मैंने वहाँ एक हृष्ट-पुष्ट व्यक्ति देखा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

**5.** (क) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम लिखिए :
ऋणमुक्त, चन्द्रखिलौना 1+1=2

(ख) निम्नलिखित का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए :
धन और दौलत, राष्ट्र की संपत्ति 1+1=2

**6.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : 1×4=4

(क) यह लोग कहाँ के रहने वाले हैं?

(ख) कृपया मेरी बात सुनने की कृपा करें।

(ग) हमने उन्हें आज भोजन पर बुलाए हैं।

(घ) शिक्षक ने उसकी खूब प्रशंसा करी।

**7.** निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2

छक्के छुड़ाना, आँखें खुल जाना

## खंड 'ग'

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+1=5

(क) ख्यूक्रिन कौन था? उसने मुआवजा पाने की क्या दलील दी?

(ख) 'गिन्नी का सोना' पाठ में शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है?

(ग) सआदत अली को अवध के तख्त पर बिठाने के पीछे कर्नल का क्या उद्देश्य था?

**9.** 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या कुप्रभाव बताया गया है? अपने शब्दों में विस्तार से लिखिए। 5

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+1=5

अकसर हम या तो गुजरे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं। हम या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्यकाल में। असल में दोनों काल मिथ्या हैं। एक चला गया है, दूसरा आया नहीं है। हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है। उसी में जीना चाहिए।

(क) गद्यांश में लेखक ने किन बातों में उलझे रहने की बात कही है?

(ख) आशय स्पष्ट कीजिए : ''असल में दोनों काल मिथ्या हैं''।

(ग) लेखक ने सत्य किसे कहा है और क्यों?

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+1=5

(क) बिहारी ने जगत को तपोवन क्यों कहा है और इससे क्या संदेश देना चाहा है?

(ख) 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' में कवयित्री के दीपक से ज्वाला-कण कौन माँग रहे हैं और क्यों?

(ग) 'आत्मत्राण' कविता में कवि किससे और क्या प्रार्थना करता है?

**12.** 'कर चले हम फिदा' कविता में किस प्रकार की मृत्यु को अच्छा कहा गया है और क्यों? इससे कवि क्या संदेश देना चाहता है? 5

**13.** जीवन मूल्यों के आधार पर इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला के संबंधों की समीक्षा कीजिए। 5

## खंड 'घ'

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : 5

(क) देशाटन

- क्या और क्यों
- शैक्षिक महत्त्व
- साधन और सुविधा

(ख) विज्ञान के आधुनिक चमत्कार

- मानव जीवन और विज्ञान
- आधुनिक आविष्कार
- लाभ-हानि

(ग) शारीरिक श्रम

- श्रम और मानव जीवन
- लाभ
- सुझाव

**15.** यात्रा करते समय मेट्रो में छूट गए अपने बैग और मोबाइल को मेट्रो कर्मचारी द्वारा आपको वापस भेज दिए जाने पर उसकी ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए प्रबंधक को एक पत्र लिखिए। 5

**16.** विद्यालय के वार्षिकोत्सव की सूचना साहित्यिक क्लब की 'प्राचीर' पत्रिका के लिए लगभग 30 शब्दों में लिखिए । 5

**17.** बढ़ती महँगाई के संबंध में मित्र से हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

**18.** अपने पुराने घरेलू फर्नीचर को बेचने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5